RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : शनिवार 21 दिसंबर 2024 | वर्ष 06 | अंक 248 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

## महाराष्ट्र कांग्रेस को कब मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष?




Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# मराठी परिवार पर हमले के मामले ने पकड़ा तूल...

## आरोपी को सरकारी नौकरी से निलंबित करेंगे- सीएम

**'मराठियों पर हमले की घटनाएं बढ़ीं..**



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे के कल्याण में मराठी परिवार पर हमले के मामले ने तूल पकड़ लिया है और यह मामला विधान परिषद में खूब गरमाया। विपक्ष के इस मुद्दे पर नाराजगी जाहिर करने पर महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि मराठी लोगों के साथ कोई अन्याय नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मराठी परिवार पर हमला करने वाले आरोपी दंपति के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपी को सरकारी नौकरी से निलंबित करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

शिवसेना (यूबीटी) के एमएलसी अनिल परब ने विधान परिषद में ठाणे की घटना पर बोलते हुए कहा कि 'कल्याण में एक मराठी परिवार के सदस्यों पर अखिलेश शुक्ला नामक व्यक्ति ने हमला किया।' परब ने कहा कि 'एक बहस के बाद शुक्ला ने मराठी परिवार का अपमान किया और उस पर हमला किया, जिसमें वे घायल हो गए। शुक्ला ने पीड़ित से कहा कि वह मंत्रालय में काम करता है और कई मराठी कर्मचारी उसके कार्यालय की सफाई करते हैं।' परब ने विधान परिषद में घटना पर चर्चा की मांग की।

**'मराठियों पर हमले की घटनाएं बढ़ीं'**

शिवसेना यूबीटी के एमएलसी ने कहा कि दूसरे राज्यों से आने वाले लोगों द्वारा मराठी लोगों के साथ भेदभाव की ऐसी घटनाएं दिन-प्रतिदिन बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि मराठी लोगों को ट्रेन यात्रा के दौरान हमलों का सामना करना पड़ता है या उनके भोजन विकल्पों के आधार पर हाउसिंग सोसाइटियों में घर देने से मना कर दिया जाता है। परब ने आरोप लगाया कि भाजपा के सत्ता में आने के बाद मुंबई, पुणे, कल्याण और राज्य के अन्य हिस्सों में मराठी परिवारों को दूसरे राज्यों से आए लोगों द्वारा धमकाए जाने की घटनाएं बढ़ गई हैं। शिवसेना (यूबीटी) एमएलसी सचिन अहीर ने भी इस मुद्दे पर सरकार को घेरा और कहा कि ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए सरकार कोई कदम नहीं उठा रही है। कांग्रेस एमएलसी भाई जगताप ने कहा कि आरोपी शुक्ला ने मराठी भाषी लोगों के खिलाफ अपमानजनक टिप्पणी की।

### सीएम फडणवीस बोले- मराठियों से अन्याय नहीं होने देंगे

सीएम फडणवीस ने विधान परिषद में कहा कि घटना के आरोपी अखिलेश शुक्ला और उनकी पत्नी ने पीड़ितों के साथ बहस की और उनके खिलाफ अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया। उन्होंने कहा, 'शुक्ला एमटीडीसी का कर्मचारी हैं। घटना के बाद कल्याण के खड़कपाड़ा पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।' सीएम ने घोषणा की कि शुक्ला को सरकारी नौकरी से निलंबित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'मराठी लोगों के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।' हाउसिंग सोसाइटी में मांसाहार करने वाले लोगों को घर न दिए जाने पर फडणवीस ने कहा, 'संविधान ने सभी को यह अधिकार दिया है कि वे क्या खाएं। किसी को भी किसी की खाने की आदतों के आधार पर घर न देने का अधिकार नहीं है। यह भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और अगर ऐसी शिकायतें मिलती हैं तो उचित कार्रवाई की जाएगी।'

# महाराष्ट्र चुनाव में भाजपा की जीत के बाद मराठियों पर बढ़े हमले...

## संजय राउत का बड़ा आरोप



**महाराष्ट्र :** उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने एक बड़ा चौंकाने वाला दावा किया है। उसका कहना है कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में भाजपा की जीत के बाद मराठी बोलने वाले लोगों पर हमले बढ़ गए हैं। इतना ही नहीं, यह भी आरोप लगाया कि ऐसा माहौल बनाया जा रहा, जिससे मराठी लोगों को मुंबई और उसके आसपास के क्षेत्रों से बाहर निकाल दिया जाए।

**कल्याण में हुई घटना का किया जिक्र**

शिवसेना (यूबीटी) के सांसद संजय राउत ने थाने जिले के कल्याण में एक घटना का उदाहरण दिया, जहां गैर-मराठी बोलने वाले लोगों ने एक मराठी परिवार पर हमला किया। उन्होंने मुंबई नौका हादसे को लेकर महाराष्ट्र सरकार को अशुभ बताया। साथ ही आरोप लगाया कि राज्य में डकैती और हत्याओं के मामले बढ़ रहे हैं।

**शिवसेना को तोड़कर कया कमजोर...**

उन्होंने कहा कि मराठियों पर हमले की साजिश रची जा रही है। कल्याण इसकी शुरूआत थी। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि उसने शिवसेना को तोड़कर उसे कमजोर किया है ताकि स्थानीय लोगों के साथ दूसरे दर्जे के नागरिकों जैसा व्यवहार किया जाए और मुंबई तथा इसके आसपास के इलाकों को मराठी भाषी बिल्डरों और व्यापारियों को दे दिया जाए। उन्होंने आगे कहा, 'राज्य विधानसभा चुनाव के बाद मराठी मानुष पर हमले बढ़े हैं। मराठी मानुष को मुंबई से बाहर भगाने के प्रयास किए जा रहे हैं और ऐसा माहौल बनाया जा रहा है कि मराठी मानुष ठाणे और कल्याण में न रहें।'

### सिर्फ सत्ता के लिए बेताब

**शिवसेना (यूबीटी) नेता ने उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर भी निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग खुद को शिवसेना बताते हैं और सरकार में हैं, वे कल्याण की घटना पर ध्यान नहीं दे रहे और सिर्फ सत्ता के लिए बेताब हैं। भाजपा का रुख मराठी मानुष को खत्म करने का है।**

**सीएम फडणवीस के बयान पर कही ये बात**

राज्य विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को आरोप लगाया था कि कुछ संगठन, जिन्हें महाराष्ट्र की कांग्रेस-राकांपा सरकार और केंद्र की मनमोहन सिंह सरकार ने शहरी नक्सलियों का मुखौटा संगठन घोषित किया था, भारत जोड़ो यात्रा में शामिल हुए थे। इस पर राउत ने कहा कि हमें यह नहीं मानना चाहिए कि जिन लोगों ने भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया, वे नक्सली हैं। उन्होंने फडणवीस को भ्रष्टाचारियों पर ध्यान देने की सलाह दी। सांसद राउत ने संसद परिसर में विपक्ष और एनडीए सांसदों के बीच हुए टकराव पर भी टिप्पणी की और कहा कि झड़प में कथित रूप से घायल हुए भाजपा सांसद प्रताप चंद्र सारंगी और मुकेश राजपूत अभिनय में माहिर हैं, उन्हें अभिनय का पुरस्कार मिलना चाहिए।

# महाराष्ट्र में भीषण सड़क हादसा, शादी में जा रही प्राइवेट बस पलटी...

## 5 की मौत और 27 लोग घायल...




**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में भीषण सड़क हादसा हो गया। शुक्रवार सुबह विवाह समारोह से लोगों को ले जा रही तेज रफ्तार बस पलटने से पांच लोगों की मौत हो गई। 27 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इस हादसी की जानकारी दी है।

**मोड़ पर पलटी बस**

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि दुर्घटना सुबह करीब सवा नौ बजे मनगांव के निकट ताम्हिनी घाट पर हुई। बस पुणे के लोहेगांव से महाड के बीरवाड़ी की ओर जा रही थी। तभी एक मोड़ पर चालक का वाहन पर से नियंत्रण खो गया। इसके बाद वाहन पलट गया।

**मृतकों की हुई पहचान**

पुलिस अधिकारी ने बताया कि इस हादसे में दो पुरुषों और तीन महिलाओं समेत पांच लोगों की मौत हो गई। घायल हुए 27 लोगों को मनगांव ग्रामीण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। चार मृतकों की पहचान संगीता जाधव, गौरव दराडे, शिल्पा पवार और वंदना जाधव के रूप में हुई है, जबकि एक व्यक्ति की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

**जयपुर सड़क हादसे में 8 की मौत!**

वहीं, दूसरी ओर शुक्रवार की सुबह राजस्थान के जयपुर में भीषण सड़क हादसा हो गया। एक एलपीजी टैंकर की वाहन टक्कर हो गई। इसके बाद टैंकर में आग लग गई। करीब 40 वाहनों में आग लग गई। इस हादसे में 8 लोगों की मौत हो गई। करीब 35 लोग गंभीर रूप से झुलस गए।

## पालघर में छात्र ने की आत्महत्या.. शिक्षकों और साथियों पर उत्पीड़न के आरोप

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में एक बार फिर आत्महत्या का मामला सामने आया है। यह घटनाक्रम पालघर जिले का है, जिसमें मृतक के माता-पिता ने शिक्षकों और साथियों पर उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। मृतक के परिजनों ने दावा किया है आत्महत्या से पहले उसने अपनी मां को संदेश भेजा था जिसमें उत्पीड़न का जिक्र था। मामला बोईसर के इंग्लिश मीडियम स्कूल का है। 10वीं कक्षा के छात्र की कथित आत्महत्या मामले में पुलिस ने बताया कि फांसी अपने घर में लगाई गई। परिजनों का आरोप है कि उत्पीड़न के कारण उनका बेटा अवसादग्रस्त हो गया था। पुलिस अधिकारी ने कहा कि शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस तमाम पहलुओं पर जांच कर रही है।

## संपादकीय...



**फैसल शेख**
(प्रधान संपादक)

### दिल्ली के चुनाव अलग माहौल में...

दिल्ली विधानसभा के लिए चुनावों का औपचारिक एलान होना भले ही शेष हो, लेकिन सर्दियों के मौसम में चढ़े सियासी पारे से चुनावी तपिश की अनुभूति होने लगी है। सत्तापक्ष की ओर से खुद अरविंद केजरीवाल ने कमान संभाल रखी है, जबकि विपक्षी भाजपा 27 साल से जारी सत्ता के सूखे को खत्म करके उम्मीदों की हरियाली लाने के लिए प्राणपण से जुटी हुई है। कांग्रेस भी राज्य में अपने अस्तित्व को साबित करने की कोशिश कर रही है। सबसे ज्यादा ध्यान अरविंद केजरीवाल की रणनीति पर है। आदर्शवादी सपने को हकीकत बनाने के वादे के साथ राजनीति में आए केजरीवाल दिल्ली की राजनीति में अब तक अजेय बने हुए हैं। इसके साथ ही पंजाब की सत्ता पर भी उनकी पार्टी काबिज है। जम्मू-कश्मीर से लेकर गोवा विधानसभा तक उनकी नुमाइंदगी तो है ही, प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह के गढ़ गुजरात में भी उनकी उपस्थिति है। इसीलिए दिल्ली की राजनीति में उनकी स्थिति पर सभी की नजर है। दिल्ली विधानसभा का 2013 का चुनाव आदर्शवादी सपनों को चुनने या नकारने का था। उसमें केजरीवाल को बहुमत भले ही नहीं मिला हो, लेकिन दिल्ली की जनता ने आप को दूसरे नंबर की पार्टी का दर्जा देकर संदेश दे दिया कि केजरीवाल में उसका भरोसा है। 2015 का चुनाव सही मायने में आदर्शवादी सपनों को हकीकत का जामा पहनाने का चुनाव था।

दिल्ली की 70 में से 67 सीटों पर आम आदमी पार्टी की भारी जीत ने केजरीवाल के सामने जनाकांक्षाओं का बोझ लाद दिया। 2020 के विधानसभा चुनाव पर भी आदर्शवाद को हकीकत बनाने की ही मंशा हावी रही। इस चुनाव में केजरीवाल जनता को यह समझाने में सफल रहे कि उन्होंने राजनीति को साफ करने और स्वच्छ प्रशासन देने का जो सपना दिखाया है, उसे पूरा करने के लिए और वक्त चाहिए। दिल्ली की जनता ने उन्हें एक बार फिर पांच साल का वक्त दिया। आदर्शवादी धारणा को जमीनी हकीकत बनाने में केजरीवाल कितने कामयाब हुए, इसका जवाब दिल्ली के मतदाताओं के पास है, लेकिन केजरीवाल ने अपने शासनकाल में रेवड़ी संस्कृति को नए रूप में पेश किया। अपने वोट बैंक को ध्यान में रखते हुए उन्होंने फ्री बिजली, पानी, महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा की सुविधा देने में कंजूसी नहीं बरती। इसके साथ ही केजरीवाल सरकार ने कभी ट्रैफिक कंट्रोल तो कभी किसी अन्य बहाने से तात्कालिक और अल्पकालिक रोजगार के मौके मुहैया कराए। इसमें ज्यादातर केजरीवाल की पार्टी कार्यकर्ताओं को तवज्जो मिली।

editor@rokthoklekhaninews.com
+91 8657861004
Faisal Shaikh @faisalrokthok

ROKTHOK LEKHANI NEWS
KHABREIN BE ROKTOK
Watch Us On YouTube
LIKE SHARE
COMMENT SUBSCRIBE
youtube@rokthoklekhani

# चाचा-भतीजा होंगे एक! अजित पवार ने की रोहित पाटिल से मुलाकात

## लगने लगे महाराष्ट्र में 'खेला' होने के कयास...

**महाराष्ट्र :** क्या चाचा-भतीजे फिर एक होंगे. महाराष्ट्र में एनसीपी के दोनों खेमों के नेताओं के बीच लगातार हो रहीं मुलाकात के बाद ये कयास तेज हो गए हैं. हाल ही में शरद पवार खेमे के विधायक रोहित पाटिल ने अजित पवार से मुलाकात की है. इससे पहले एनसीपी विधायक शशिकांत शिंदे ने डिप्टी सीएम अजित पवार से मुलाकात की थी.

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में शरद पवार के गुट ने कांग्रेस और शिवसेना (उद्धव गुट) के साथ मिलकर चुनाव लड़ा था. जबकि अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी महायुति में बीजेपी और शिवसेना (शिंदे गुट) के साथ मिलकर चुनाव मैदान में उतरी थी. महायुति को राज्य में प्रचंड जीत मिली. जबकि शरद पवार के गुट ने अपना अब तक का सबसे बुरा प्रदर्शन किया है.



चुनाव नतीजों के बाद से शरद पवार और अजित पवार के गुट के साथ आने की चर्चा है. इन चचाओं को तब और जोर मिला, जब अजित पवार, एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल और सुनील तटकरे ने दिल्ली में शरद पवार से मुलाकात की थी. तब कहा ये गया था कि ये नेता शरद पवार को जन्मदिन पर बधाई देने पहुंचे हैं. हालांकि, इस बैठक के बाद से एनसीपी के दोनों खेमों के एक होने की अटकलें जारी हैं.

**अजित पवार ने कर दी थी बगावत**

अजित पवार ने 2019 में चुनाव नतीजों के बाद शरद पावर से बगावत कर डिप्टी सीएम पद की शपथ ली थी. उनके साथ देवेंद्र फडणवीस ने सीएम पद की शपथ ली थी. हालांकि, तब अजित पवार अपने साथ ज्यादा विधायक नहीं ला सके थे. इसके बाद उन्होंने डिप्टी सीएम पद से इस्तीफा देकर शरद पवार गुट में वापसी कर ली थी. इसके बाद जब उद्धव ठाकरे के नेतृत्व में महाविकास अघाड़ी सरकार बनी तो अजित पवार ने फिर डिप्टी सीएम पद की शपथ ली. हालांकि 2021 में शिवसेना दो गुटों में बंट गई.

### अजित पवार से मुलाकात के बाद क्या बोले रोहित पाटिल...

अब रोहित पाटिल ने अजित पवार से मुलाकात पर सफाई दी है. उन्होंने कहा कि डिप्टी सीएम से ये मुलाकात विधानसभा क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर आधारित है. रोहित पाटिल ने कहा कि वे ऊर्जा विभाग के तहत अपने क्षेत्र में नए डीपी लगाने के मुद्दे पर डिप्टी सीएम से मिलने आए थे.

# महाराष्ट्र कांग्रेस को कब मिलेगा नया प्रदेश अध्यक्ष?

## नाना पटोले ने खुद कर दिया खुलासा...

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासत में कब क्या होने वाला है, इसकी भविष्यवाणी कर पाना बड़े-बड़े दिग्गजों के वश की बात नहीं है। हाल ही में हुए महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली करारी शिकस्त के बाद पार्टी में मंथन का दौर जारी है। इस बीच खुद कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने अपने इस्तीफे की पेशकश की थी। कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष नाना पटोले ने शुक्रवार को कहा कि प्रदेश इकाई को जल्द ही नया प्रमुख मिलेगा क्योंकि उन्होंने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व से खुद को इस पद से मुक्त करने का अनुरोध किया है। पटोले ने नागपुर में विधान भवन के परिसर में संवाददाताओं से यह बात कही, जहां राज्य विधानमंडल का शीतकालीन सत्र चल रहा है। पटोले ने कहा कि कांग्रेस के नए प्रदेश अध्यक्ष पर जल्द ही फैसला लिया जाएगा। उन्होंने कहा, ''हमने पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व को नए नेता के नाम का ऐलान करने के लिए अधिकृत किया है।'' पटोले ने कहा कि उन्होंने पार्टी आलाकमान से उन्हें



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के पद से मुक्त करने के लिए कहा है, क्योंकि वह चार साल से इस पद पर हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के विधायक दल के नेता का नाम भी जल्द ही घोषित कर दिया जाएगा। महाराष्ट्र के हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की अब तक की सबसे बुरी हार के बाद, पार्टी सूत्रों ने दावा किया था कि पटोले ने केंद्रीय नेतृत्व से संगठनात्मक पद की जिम्मेदारी से मुक्त करने का अनुरोध किया था।

### दो बाइकसवार ने की संजय राउत के बंगल की रेकी...

**भांडुपः** भांडुप में शुक्रवार को मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने कथित तौर पर शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत के बंगले की रेकी की। मुंबई पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। यह घटना शुबह के नौ बजे की है।



एक अधिकारी ने कहा, दो लोग दोपहिया वाहन पर आए और कुछ देर के लिए राउत के बंगले के बाहर रुके और वहां से चले गए। जानकारी मिलने पर पुलिस सतर्क हो गई। अधिकारी ने बताया कि कांजुरमार्ग पुलिस थाने की एक टीम संजय राउत के बंगले पर पहुंची और जांच शुरू की। ऐसा संदेह जताया जा रहा है कि दोनों रेकी करने आए थे। हालांकि, अबतक किसी के खिलाफ कोई मामला दर्ज नहीं किया गया है।

### नवी मुंबई में आग लगने से तीन गोदाम जल गए



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के मार्केट इलाके में आग लगने से तीन गोदाम जलकर खाक हो गए। इस हादसे में हताहत होने वालों की जानकारी नहीं है। आग एक गोदाम में लगी और देखते ही देखते बाकी के गोदाम में फैल गई। कपड़े और लकड़ियों से भरी गोदाम जलकर खाक हो गई। एक अधिकारी ने बताया कि चार घंटे बाद आग पर काबू पा लिया गया। आग लगने के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### मुंबई नाव हादसे में मृतकों की संख्या बढ़ी, शिनाख्त बाकी

**मुंबई :** बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने बताया है कि गेटवे ऑफ इंडिया के पास हुई नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है। बीएमसी ने कहा है नेवी की नाव से टकराने के बाद बुधवार शाम नीलकमल नाम का यात्री जहाज डूब गया। बचाव दल ने एक और शव बरामद किया है। मृतक की पहचान का प्रयास जारी है। इससे पहले भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों के साथ मिलकर मुंबई हार्बर में हुई नाव दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की।

# मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग पर आदित्य ठाकरे ने कांग्रेस के विधायक लक्ष्मण सावदी की आलोचना की

**मुंबई :** मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग पर आदित्य ठाकरे ने कर्नाटक कांग्रेस विधायक की आलोचना की। उन्होंने कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आदित्य ठाकरे ने मुंबई को अपनी 'मातृभूमि' बताते हुए कहा कि इसे पाने के लिए 'मराठी मानुस' ने अपना खून बहाया है।

बेलगावी और मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने के मुद्दे पर शिवसेना यूबीटी और कांग्रेस में आपस में ही ठन गई है। दरअसल, कर्नाटक कांग्रेस के विधायक लक्ष्मण सावदी ने मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की बात कही थी। जिस पर उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे बिफर गए हैं। उन्होंने कांग्रेस विधायक की आलोचना करते हुए



कहा कि ऐसे किसी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कर्नाटक कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी के बयान पर नाराजगी जताते हुए आदित्य ठाकरे ने कहा कि उनकी पार्टी मुंबई को महाराष्ट्र से अलग करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेगी। इतना ही नहीं उन्होंने सहयोगी कांग्रेस अपने कर्नाटक विधायक को फटकार लगाने को भी कहा।

एक्स पर एक पोस्ट में मुंबई के वर्ली से विधायक ठाकरे ने कहा कि मुंबई को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग निंदनीय है। चाहे कांग्रेस हो या बीजेपी, शिवसेना (यूबीटी) मुंबई को तोड़ने की किसी भी कोशिश को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। मुंबई हमारी मातृभूमि है, मराठी मानुस ने अपना खून बहाकर इसे हासिल किया है, मुंबई हमें किसी ने नहीं दी है।

दरअसल, कर्नाटक कांग्रेस विधायक लक्ष्मण सावदी ने हाल ही में बयान दिया था कि अगर महाराष्ट्र में नेता बेलगावी को केंद्र शासित प्रदेश बनाने की मांग कर रहे हैं, तो मुंबई को भी केंद्र शासित प्रदेश बनाया जाना चाहिए। बता दें कि महाराष्ट्र और उसके पड़ोसी राज्य कर्नाटक के बीच बेलगावी के नियंत्रण को लेकर दशकों से विवाद चल रहा है। बेलगावी कर्नाटक का एक सीमावर्ती शहर है, जिसे पहले बेलगाम के नाम से जाना जाता था। यहां बड़ी संख्या में मराठी भाषी आबादी रहती है।

शिवसेना (यूबीटी) महाराष्ट्र में महा विकास अघाड़ी (एमवीए) का हिस्सा है। इस गठबंधन में कांग्रेस और एनसीपी (एसपी) भी शामिल हैं। ये तीनों पार्टियां कई अन्य पार्टियों के साथ राष्ट्रीय स्तर पर विपक्षी इंडिया गुट का भी हिस्सा हैं।

# पुणे : चलती बस में नशे में धुत होकर महिला से छेड़छाड़; व्यक्ति की पिटाई करने का वीडियो वायरल

**पुणे :** महाराष्ट्र के पुणे में चलती बस में एक महिला द्वारा कथित तौर पर नशे में धुत होकर छेड़छाड़ करने वाले व्यक्ति की पिटाई करने का वीडियो वायरल हो रहा है, जिस पर यूजर्स की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। वीडियो में एक महिला को एक या दो बार नहीं, बल्कि 26 बार थप्पड़ मारते हुए दिखाया गया है, क्योंकि कथित तौर पर उसने अपनी सीट छोड़ते समय उसे अनुचित तरीके से छूने का प्रयास किया था। बताया जाता है कि वह व्यक्ति बस में उसके बगल में बैठा था। इंटरनेट पर प्रसारित वीडियो में महिला को उस व्यक्ति पर थप्पड़ों की बरसात करते हुए दिखाया गया है, जबकि वह अपने किए के



लिए माफी मांगता है। आखिरकार, कंडक्टर स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आगे आता है। महिला ने मांग की कि बस को निकटतम पुलिस स्टेशन ले जाया जाए।

खबरों के अनुसार, महिला शिरडी के एक स्कूल में शिक्षिका है, जो अपने पति और बेटे के साथ बस से पुणे जा रही थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि व्यक्ति को शनिवारवाड़ा के पास पुलिस चौकी ले जाया गया, जहां कथित तौर पर कोई भी पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था।

# आए थे इलाज कराने, 5 साल के बेटे की जिद्द में पूरे परिवार की जीवनलीला हो गई समाप्त

**मुंबई :** नाव हादसा एक परिवार के लिए काल बन गया. शहर के एक अस्पताल में इलाज के लिए अहीरे परिवार के तीन सदस्य आए थे. राकेश नानाजी अहीरे (34), उनकी पत्नी हर्षदा राकेश अहीरे (31) और उनका बेटा निधिश अहीरे (5) तीन दिन पहले नासिक से मुंबई पहुंचे थे. राकेश की एक घंटे तक चली थेरेपी के बाद, परिवार एलीफेंटा गुफाओं की यात्रा करने निकल पड़ा. हालांकि, उनकी खुशी की सवारी ने जीवन की अंतिम सवारी साबित हुई. एलीफेंटा द्वीप के रास्ते में उनकी नाव भारतीय नौसेना की एक स्पीडबोट से टकराने के बाद पलट गई जिसमें तीनों की जान चली गई.

राकेश के माता-पिता को मुंबई से दूर नासिक स्थित अपने घर में ही थे. वह पेशे से मजदूर ठेकेदार था. उसने



2016 में हर्षदा से शादी की थी. राकेश के चचेरे भाई जीतेंद्र अहिरे ने कहा, ''वह परिवार का एकमात्र कमाने वाला था. राकेश, उसकी पत्नी और बेटे की मौत की खबर से उसके माता-पिता को बहुत बड़ा सदमा लगा है.'' परिवार के करीबी लोगों के अनुसार राकेश को साइनस संबंधी समस्या थी. परिवार को शहर में एक विशेषज्ञ डॉक्टर के बारे में पता चला था, जिसके बाद वह मुंबई आए थे.

दुर्घटना के बारे में जानने के बाद मुंबई पहुंचे चचेरे भाई ने बताया कि राकेश इलाज के लिए तीन दिन पहले मुंबई आया था. इलाज एक घंटे तक चला. चूंकि उनका बेटा नाव पर जाने पर जोर दे रहा था, इसलिए उन्होंने एलीफेंटा गुफाओं में जाने का फैसला किया. उनके परिवार को इस घटना के बारे में तब पता चला जब बुधवार शाम को एक रिश्तेदार ने कॉल किया. उन्होंने हमें तुरंत मुंबई आने को कहा.

शुरूआत में रिश्तेदारों को बताया गया कि राकेश की मौत हो गई है, जबकि उसकी पत्नी और पांच साल का बेटा अभी भी लापता हैं. गुरुवार सुबह उरण के इंदिरा गांधी ग्रामीण अस्पताल से शव प्राप्त करने वाले जीतेंद्र ने कहा, ''लेकिन जब तक हम नासिक से पहुंचे, हमें पता चला कि हर्षदा और निधिश की भी इस इस दुर्घटना में मौत हो चुकी है.''

# आजाद मैदान स्थित मुंबई कांग्रेस कार्यालय पर हल्ला... कार्यकताओं ने दफ्तर में की तोड़फोड़!

**मुंबई :** भारतीय जनता युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने गुरुवार शाम दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान स्थित मुंबई कांग्रेस कार्यालय में घुसकर तोड़फोड़ की। बाद में पहुंची पुलिस ने बल प्रयोग कर इन्हें कांग्रेस कार्यालय से बाहर निकाला कई कार्यकताओं को हिरासत में भी लिया गया है। संसद भवन परिसर में कांग्रेस एवं भाजपा कार्यकताओं के बीच हुई धक्का मुक्की के बाद शाम को भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने अचानक मुंबई कांग्रेस कार्यालय पर धावा बोल दिया। मुंबई कांग्रेस कार्यालय दक्षिण मुंबई में महानगरपालिका मुख्यालय के निकट स्थित है।

अचानक पहुंचे युवा मोर्चा के



कार्यकताओं ने भारत माता की जय के नारे लगाते हुए धक्का मारकर कांग्रेस कार्यालय का मुख्य द्वार तोड़ दिया और अंदर घुस गए। कार्यालय के अंदर रखी सोनिया गांधी एवं राहुल गांधी की तस्वीरों पर उन्होंने कालिख पोती एवं फर्नीचर तोड़ने शुरू कर दिए। लेकिन, इसी बीच सूचना मिलते ही आजाद मैदान थाने की पुलिस ने कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर भाजपा कार्यकताओं को बल प्रयोग कर बाहर निकाला। पुलिस को भाजपा कार्यकताओं पर लाठियां भी भांजनी पड़ीं। कुछ कार्यकताओं को हिरासत में भी लिया गया है। भाजपा कार्यकताओं का कहना था कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने संविधान निमार्ता बाबासाहेब आंबेडकर का अपमान किया है। जिसके विरोध में उन्हें कांग्रेस कार्यालय पर हिंसानात्मक प्रदर्शन के लिए बाध्य होना पड़ा है। महाराष्ट्र विधानसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा, "कांग्रेस कार्यालय (मुंबई में) पर हमला किया गया है। यह गृह मंत्री अमित शाह द्वारा बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने के मुद्दे से ध्यान हटाने के लिए किया गया है।

# महिला बीजेपी कार्यकर्ता के साथ छेड़छाड़ के आरोपों के बाद कांग्रेस कार्यकताओं पर मामला दर्ज




**मुंबई :** बीजेपी की एक महिला कार्यकर्ता के साथ छेड़छाड़ के आरोपों के बाद कांग्रेस कार्यकताओं पर मामला दर्ज किया गया है।

भारतीय दंड संहिता की धारा 74, 79 और 115 के तहत 8-10 कांग्रेस कार्यकताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। उन पर छेड़छाड़, अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने और शिकायतकर्ता पर हमला करने का आरोप लगाया गया है। इससे पहले, मुंबई कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ के सिलसिले में, आजाद मैदान पुलिस ने बीजेपी युवा मोर्चा के मुंबई अध्यक्ष सहित 14 लोगों को गिरफ्तार किया था।

# वकोला पुलिस ने चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज

**मुंबई:** वकोला पुलिस ने 30 अगस्त को कलिना में हुई ड्रग-प्लांटिंग की घटना के सिलसिले में कानून के तहत एक लोक सेवक के निदेशों का कथित रूप से अपहरण करने और अवज्ञा करने के आरोप में चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला 19 दिसंबर को पीएसआई विश्वनाथ ओंबले और कांस्टेबल इमरान शेख, सागर कांबले और शिंदे (जिन्हें दबंग शिंदे के नाम से भी जाना जाता है) के खिलाफ दर्ज किया गया था। एफआईआर के अनुसार, शिकायतकर्ता, 31 वर्षीय डायलन





एस्टबेरो, कलिना, सांताक्रूज ईस्ट में रहता है और एक निजी पशुधन के लिए काम करता है। डायलन का बचपन का दोस्त शाहबाज खान है। 30 अगस्त को शाम करीब 5.50 बजे खान अपने घर पर आराम कर रहा था, जबकि डायलन खान के घर के पीछे सोफे पर बैठा था। चार अज्ञात व्यक्ति डायलन के पास पहुंचे।

उनमें से एक ने नीली जींस और सफेद धारियों वाली नीली शर्ट पहनी हुई थी, उसने डायलन का नाम पूछा। डायलन ने अपना परिचय देने के बाद, उस व्यक्ति ने उसका निरीक्षण करना शुरू कर दिया। इस बीच, नारंगी शर्ट पहने एक अन्य व्यक्ति पीछे से डायलन के पास आया। पहले व्यक्ति ने कथित तौर पर एक छोटे से बैग में एक सफेद पदार्थ डायलन की बाईं पिछली जेब में रखा। जब डायलन ने पूछा कि उसकी जेब में क्या रखा गया था, तो उस व्यक्ति ने उस पर एमडी (एक सिंथेटिक ड्रग) रखने का आरोप लगाया और पूछा कि उसे यह कहाँ से मिला। आरोपी ने साहबाज खान के ठिकाने के बारे में भी पूछताछ की। डायलन ने उसे बताया कि खान उसके घर पर है। इस समय, दो अन्य व्यक्ति घटनास्थल पर पहुँचे। लगभग उसी समय, डायलन का दोस्त संदीप भी वहाँ पहुँच गया।

# अडानी समूह के धारावी पुनर्विकास को दिए गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका खारिज

**मुंबई :** बॉम्बे हाईकोर्ट ने शुक्रवार को धारावी पुनर्विकास परियोजना के लिए अडानी समूह को दिए गए टेंडर को चुनौती देने वाली याचिका को खारिज कर दिया। यह याचिका एक निजी फर्म द्वारा दायर की गई थी, जिसने 2019 में पिछले टेंडर को रद्द करने के बाद दिए गए टेंडर को चुनौती दी थी। याचिकाकर्ता ने नए टेंडर की मांग की थी, लेकिन अदालत ने अडानी समूह को बड़ी राहत देते हुए याचिका को खारिज कर दिया। भारत में सबसे बड़ी 'शहरी नवीनीकरण' परियोजनाओं में से एक धारावी पुनर्विकास परियोजना विवादों से घिरी हुई है। परियोजना में अडानी समूह की भागीदारी ने सवाल उठाए हैं, लेकिन समूह का कहना है कि इसका उद्देश्य धारावी के दस लाख से अधिक निवासियों की गरिमा को बहाल करना है। इस साल की शुरूआत में, अडानी समूह के संस्थापक और अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा कि धारावी पुनर्विकास केवल ''शहरी नवीनीकरण'' के बारे में नहीं है, बल्कि ''हमारे देश के दस लाख से अधिक निवासियों की गरिमा को बहाल करने'' के बारे में है। उन्होंने रेखांकित किया कि यह परियोजना टिकाऊ जीवन का एक बेजोड़ पारिस्थितिकी तंत्र बनाने और अगले दशक में दुनिया की सबसे



बड़ी झुग्गी बस्ती को बदलने के बारे में है। अडानी समूह इस परियोजना पर महाराष्ट्र सरकार के साथ साझेदारी में काम कर रहा है। समझौते के अनुसार, पुनर्विकास धारावी में पात्र आवासीय किरायेदारों को फ्लैट प्रदान करेगा जिसमें स्वतंत्र रसोई और शौचालय शामिल हैं। नए घरों का न्यूनतम आकार 350 वर्ग फीट होगा, जो कथित तौर पर मुंबई की अन्य झुग्गी पुनर्विकास परियोजनाओं में औसत आकार से 17 प्रतिशत बड़ा है। 23,000 करोड़ रुपये की लागत वाली इस परियोजना का विरोध किया गया है, कुछ लोगों ने आरोप लगाया है कि इससे अडानी समूह को अनुपातहीन रूप से लाभ होगा।

हालांकि, डीआरपीपीएल सूत्रों ने स्पष्ट किया कि रेलवे की जमीन मौजूदा बाजार दरों से 170 प्रतिशत अधिक प्रीमियम पर अधिग्रहित की गई थी। धारावी निवासियों द्वारा उठाई गई चिंताओं के बारे में, उन्होंने आश्वासन दिया कि परियोजना विस्थापन को सुनिश्चित करने के लिए सरकारी प्रस्तावों का पालन करती है। 1 जनवरी, 2000 को या उससे पहले के घरों वाले निवासी धारावी के भीतर इन-सीटू पुनर्वास के लिए पात्र हैं, जबकि अन्य को धारावी के बाहर प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर मिलेंगे।

कथित तौर पर यह परियोजना सख्त पर्यावरण, सामाजिक और शासन (ईएसजी) मानकों का भी पालन करती है, जिसका उद्देश्य हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए हजारों पेड़ लगाना है। इसके अतिरिक्त, परियोजना का ध्यान स्थिरता पर है, पूरे भारत में पहले से ही चार मिलियन से अधिक पेड़ लगाए गए हैं, और समूह कथित तौर पर एक ट्रिलियन पेड़ लगाने के लिए प्रतिबद्ध है। भूमि आवंटन के बारे में चिंताओं के जवाब में, परियोजना के करीबी सूत्रों ने एएनआई को स्पष्ट किया कि भूमि सीधे अडानी को नहीं बल्कि धारावी पुनर्विकास परियोजना (डीआरपीपीएल) को हस्तांतरित की जाएगी।

# 'आज कार्यालय तोड़ा है, कल घर में चोरी करेंगे'- रोहित पवार

**मुंबई :** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में बीजेपी के कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस कार्यालय में तोड़फोड़ मचा दी. इस दौरान कार्यकर्ताओं पर कांग्रेस ऑफिस के दरवाजे, खिड़की तोड़ने और बाहर रखे कांग्रेस के शीर्ष नेताओं के पोस्टर पर काला रंग फेंकने का आरोप है. मुंबई बीजेपी युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजिंदर सिंह तिवाना ने अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर दक्षिण मुंबई स्थित मुंबई कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ की.



तेजिंदर सिंह का आरोप है कि कांग्रेस ने डॉक्टर बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान किया, जिसके विरोध में वह अपने कई समर्थकों के साथ मुंबई कांग्रेस दफ्तर में तोड़फोड़ करने के लिए पहुंचे थे. बीजेपी कार्यकर्ताओं ने मुंबई कांग्रेस दफ्तर के बाहर सोनिया गांधी और राहुल गांधी के पोस्टर पर काली स्याही भी फेंकी. पुलिस ने भीड़ को हटाने के लिए लाठीचार्ज की. पूरे मामले को लेकर अब सियासी हंगामा देखने को मिल रहा है.

**'आज कार्यालय तोड़ा है, कल घर में चोरी करेंगे'- रोहित पवार**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरद पवार से विधायक रोहित पवार ने कांग्रेस कार्यालय पर हुए इस हमले को गलत बताया है. उन्होंने कहा, ''किसी और पक्ष के कार्यालय में जाकर तोड़-फोड़ करना गलत है. आज आप किसी और के ऑफिस में तोड़ फोड़ कर रहे हैं, कल किसी के घर में जाएंगे. अगर सत्ता पक्ष का हर कार्यकर्ता यह सोचेगा कि महाराष्ट्र अपना हो गया है और वह किसी के भी घर में जाकर चोरी और मारपीट करेगा, तो यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण होगा.'' रोहित पवार ने राज्य के गृह मंत्री और पुलिस प्रशासन पर विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि वे इस मामले में उचित कार्रवाई करेंगे. अगर वे दो दिन में कार्रवाई नहीं करेंगे तो महाराष्ट्र के लोग और विपक्षी दलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारी इस कार्य का निषेध करेंगे.

**'ये महाराष्ट्र की संस्कृति नहीं'**

वहीं, महाराष्ट्र में कानून-व्यवस्था के सवाल पर रोहित पवार ने कहा, ''सत्ता पक्ष के पदाधिकारियों को लग रहा है कि उनका राज आ गया है. अगर आगे चलकर कोई किसी पार्क में लड़की को परेशान करेगा और उनको लगेगा कि अपनी सरकार है, कोई कुछ नहीं करेगा तो यह चीज बढ़ती जाएगी और आगे चीजें हाथ से निकल जाएंगी.

# नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14

**मुंबई :** नौसेना की नाव और यात्री नाव नील कमल के बीच हुए टकराव के बाद लापता 2 यात्रियों में से एक का शव बरामद हो गया है। बीएमसी ने कहा है कि गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार शाम को हुई मुंबई नाव दुर्घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर अब 14 हो गई है। बीएमसी ने कहा कि नेवी की नाव से टकराने के बाद गेटवे ऑफ इंडिया के पास 'नीलकमल' यात्री जहाज के पलटने की घटना में मरने वालों की संख्या बढ़कर 14 हो गई है, क्योंकि बचाव दल ने एक और शव बरामद किया है। मृतक की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है।

**सर्च ऑपरेशन जारी**

भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने भारतीय नौसेना के सभी कर्मियों के साथ मिलकर बुधवार को मुंबई हार्बर में हुई नाव दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। नौसेना के प्रवक्ता ने कहा कि नौसेना ने घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की भी कामना की है। नौसेना प्रवक्ता ने



एक्स पर कहा कि एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी, सीएनएस और भारतीय नौसेना के सभी कर्मचारी मुंबई हार्बर में दुर्भाग्यपूर्ण दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले लोगों के शोक संतप्त परिवारों के प्रति हार्दिक संवेदना व्यक्त करते हैं और घायलों के शीघ्र और पूर्ण स्वस्थ होने की कामना करते हैं। नौका नाव के दो व्यक्ति अभी भी लापता बताए जा रहे हैं, जिनकी तलाश के लिए, आठ नौसेना नौकाओं और एक नौसेना हेलीकॉप्टर द्वारा खोज और बचाव अभियान जारी है, जिसमें एक तटरक्षक पोत भी शामिल है।

**पीएम मोदी ने अनुग्रह राशि की घोषणा की**

दुर्घटना के आसपास के क्षेत्र में 18-19 दिसंबर 2024 की रात भर खोज और बचाव प्रयास जारी रहे। मामले के तथ्यों को स्थापित करने के लिए दुर्घटना की जांच बोर्ड के आदेश दिए गए हैं। यह घटना तब हुई जब भारतीय नौसेना ने इंजन की खराबी के कारण मुंबई हार्बर में इंजन परीक्षण करते समय नियंत्रण खो दिया। नतीजतन, नाव एक यात्री नौका से टकरा गई, जो बाद में पलट गई। बृहन्मुंबई नगर निगम के अनुसार, मुंबई नाव दुर्घटना में अब तक कुल 105 लोगों को पांच अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 90 को या तो छुट्टी दे दी गई है या उनकी हालत स्थिर है। बुधवार को, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुंबई में नाव दुर्घटना में प्रत्येक मृतक के परिजनों के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नवीस ने आश्वासन दिया है कि सरकार प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान करेगी, बचाव अभियान जारी है।

# अहिल्याबाई के वंशज राम शिंदे महाराष्ट्र विधान परिषद के सभापति



**मुंबई :** अहिल्याबाई होलकर के वंशज भाजपा विधायक राम शिंदे बृहस्पतिवार को महाराष्ट्र विधान परिषद के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। विधान परिषद के सभापति का पद एनसीपी नेता रामराजे नाइक-निंबालकर के कार्यकाल समाप्त होने के बाद सात जुलाई 2022 से ही रिक्त था। राम शिंदे के निर्वाचित होने के बाद विधानमंडल के दोनों सदनों के अध्यक्ष का पद भाजपा का हो गया है। शिंदे मराठा साम्राज्य की महारानी अहिल्याबाई होलकर की नौवीं पीढ़ी के वंशज हैं।

# नाव की यात्रा करने वालों के लिए लाइफ जैकेट अनिवार्य

**मुंबई :** मुंबई के गेटवे ऑफ इंडिया के पास बुधवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। यहां पर गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा द्वीप जा रही यात्रियों से भरी नाव पलट गई। इस हादसे में 13 लोगों की जान गई है। वहीं, 100 से अधिक लोगों के बचा लिया गया है। दरअसल, हादसा उस वक्त हुआ जब यात्रियों से भरी नाव एलिफिंटा द्वीप जा रही थी, इसी समय एक नौसेना की स्पीड बोट ने पर्यटक नाव में टक्कर मार दी। इस हादसे के अगले दिन प्रशासन सख्त नजर आया। अधिकारियों ने नौका सवारी करने वालों के लिए नए नियमों को आज से लागू कर दिया।



बुधवार को मुंबई में हुए इस हादसे के अगले दिन अधिकारियों ने 'गेटवे ऑफ इंडिया' से नौका सवारी करने वाले सभी यात्रियों को लाइफ जैकेट पहनना अनिवार्य कर दिया है। बताया जाता है कि जो लोग इस घटना में जिंदा बचे हैं, उन्होंने दावा किया है कि उनके पास नाव की सवारी करने के दौरान जीवनरक्षक जैकेट नहीं था। अधिकारियों के इस कदम से आने वाले दिनों में इस प्रकार की घटनाओं से बचा जा सकेगा।

बता दें कि इस नियम को लेकर गेटवे ऑफ इंडिया पर तैनात एक सहायक नौका निरीक्षक देवीदास जाधव ने कहा कि प्रत्येक यात्री के लिए जीवनरक्षक जैकेट का उपयोग अनिवार्य कर दिया गया है। वहीं, नाव के मालिकों ने कहा कि लाइफ जैकेट सभी यात्रियों को पहनना चाहिए। नाव के मालिकों ने कहा कि कई बार यात्री इसे नहीं पहनते। ये जीवनरक्षक जैकेट आपात स्थिति में काफी काम आते हैं।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिन्टिंग प्रेस, गाला नं.4, एन. के. इंडस्ट्रीयल इस्टेट, प्रवासी इंडस्ट्रीयल इस्टेट के अंदर, गेट नं. 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई- 400063 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। मोबाइल नं 998777 5650, Email-editor@rokthoklekhaninews.com